# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.11.2024 (संध्या 1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान को लेकर चुनाव प्रचार हुआ तेज।**
2. **एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी।**
3. **भारतीय जनता पार्टी के वरिश्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा यदि झारखंड में एनडीए की सरकार बनी तो राज्य में घुसपैठियों से आदिवासियों की जमीन वापस दिलाने के लिए लाएंगे कानून।**
4. **भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर राश्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज शाम आठ बजे राश्ट्र के नाम देंगी संदेश, प्रधानमंत्री कल बिहार के जुमई से जयंती वर्ष का करेंगे शुभारंभ।**
5. **झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना पर रोक लगाने वाली याचिका को किया खारिज।**

****************

झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण पूरा होने के बाद 20 नवम्बर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार तेज हो गया है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। एनडीए और इंडिया गठबंधन ने मतददाताओं को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के दिग्गज नेता निर्वाचन क्षेत्रों में सभा और रैलियां कर रहे हैं। स्टार प्रचारकों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का दौर जारी है।

****************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचार और घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। गिरिडीह जिले के सीहोडीह आम बगान में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि राज्य सरकार की शह पर आदिवासियों की जमीन पर घुसपैठियों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही आदिवासियों की जमीन वापस दिलाने के लिए नया कानून बनाया जायेगा।

****************

इधर भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज धनबाद के निरसा और बोकारो में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। निरसा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हेमंत सरकार पर राज्य में घुसपैठ और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

****************

झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देवघर के सारठ विधानसभा क्षेत्र में जेएमएम प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा है कि झारखंड में हुए विकास से विरोधी दल घबरा गए हैं। उन्होंने एक बार फिर राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने का दावा किया।

****************

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने आज जामताड़ा जिले के सिउलीबाड़ी पंचायत अंतर्गत महूलबोना फुटबॉल मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर अलगाव की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा समाज को बांटने का काम कर रही है।

****************

झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पहले चरण में हुए मतदान को लेकर अपने विचार व्यक्त किये हैं। उन्होंने जीत का दावा करते हुए कहा कि जनता ने उनके काम को पसंद किया है। वे लगातार जनता के हित में काम कर रहे हैं।

****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया है। किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। रांची में एक पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर संपन्न मतदान के बाद इवीएम और वीवीपैट स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि 43 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 66.48 रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 2 अरब 13 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है।

****************

राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्याव पर आज शाम आठ बजे राष्ट्रे के नाम संदेश देंगी। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कल देश भर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बिहार के जुमई से भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भगवान बिरसा मुंडा के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट का भी अनावरण करेंगे। इस अवसर पर वे आदिवासी समुदायों के उत्थान और क्षेत्र के ग्रामीण तथा दूरदराज इलाकों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए छह हजार छह सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक राशि की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

***************

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने का आग्रह करने को लेकर दायर जनहित याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार एवं प्रार्थी का पक्ष सुना। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से यह याचिका दाखिल की थी।

***************

रांची समेत राज्य भर में मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है और सुबह—शाम ठंड भी महसूस होने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि न्यूनतम तापमान में इस सप्ताह दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। वहीं, रांची समेत कई और जिलों में सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा और आसमान में आंशिक बादल भी छाए रह सकते हैं। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल के बाद से राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि पुरवइया हवा के कारण सुबह के समय कनकनी बढ़ सकती है।

*******समाप्त*******